बी.ई.सी.सी.- 108

# कला स्नातक (अर्थशास्त्र ऑनर्स) कार्यक्रम

## (बी.ए.ई.सी.एच.)

**सत्रीय कार्य 2022-23**
**जुलाई 2022 और जनवरी 2023 प्रवेश चक्र के लिए**

**पाठ्यक्रम कोड: बी.ई.सी.सी -108**
**पाठ्यक्रम का शीर्षक: मध्यवर्ती व्यष्टि-अर्थशास्त्र II**

**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**

**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068**

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

**पाठ्यक्रम कोड: बी.ई.सी.सी. 108**
**पाठ्यक्रम का शीर्षक: मध्यवर्ती व्यष्टि-अर्थशास्त्र II**
**कार्यक्रम कोड: बी.ए.ई.सी.एच**
**शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)2022**

**प्रिय विद्यार्थी,**

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है, इग्नू में पाठ्यक्रम के मूल्यांकन में i) सत्रीय कार्य के माध्यम से निरंतर मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा, शामिल है। अंतिम परिणाम में, पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्यों में 30% वेटेज होता है जबकि सत्रांत परीक्षा को 70% वेटेज दिया जाता है। आपको छह-क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए तीन सत्रीय कार्य और चार-क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए दो सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में मुख्य (कोर) पाठ्यक्रम बी.ई.सी.सी. -108: मध्यवर्ती व्यष्टि-अर्थशास्त्र-II के लिए सत्रीय कार्य हैं।

**भाग क** में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। ये एक परिचय और निष्कर्ष के साथ निबंध प्रकार के उत्तर लिखने के लिए हैं। इनका उद्देश्य किसी विषय के बारे में आपकी समझ/ज्ञान का व्यवस्थित, विषयानुकूल और सुसंगत तरीके से वर्णन करने की आपकी क्षमता का परीक्षण करना है।
**भाग ख** में मध्यम उत्तरीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के लिए आपको पहले तर्कों और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा और फिर संक्षिप्त तरीके से उत्तर लिखना होगा। वे प्रश्न आपकी तुलना करने, अंतर करने और अवधारणाओं और प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।
**भाग ग** में लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। ये प्रश्न विभिन्न अवधारणाओं और प्रक्रियाओं के बारे में उपयुक्त/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद करने के आपके कौशल को बेहतर बनाने के लिए हैं।

सत्रीय कार्यों को करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर किसी विशेष भाग के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखें कि सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा और आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेगा। निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगा:

1) **योजना:** सत्रीय कार्यों को ध्यान से पढ़ें, उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर वे आधारित है। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बिंदु बनाएं और फिर उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें।
2) **संगठन:** अपने उत्तर की एक रफ रूपरेखा तैयार करने से पहले थोड़ा चयनात्मक और विश्लेषणात्मक बनें। अपने परिचय और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें।

   सुनिश्चित करें कि आपका उत्तर:
   क) तार्किक और सुसंगत है;
   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध है, और
   ग) आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही ढंग से लिखा गया है।

3) **प्रस्तुतिकरण:** एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाते हैं, तो आप प्रस्तुत करने के लिए अंतिम संस्करण लिख सकते हैं, प्रत्येक उत्तर को साफ-सुथरा लिखकर और उन बिंदुओं को रेखांकित कर सकते हैं जिन पर आप जोर देना चाहते हैं। सुनिश्चित करें कि उत्तर निर्धारित शब्द सीमा के भीतर है।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है, सत्रांत परीक्षा में बैठने के योग्य होने के लिए आपको निर्धारित समय के भीतर सभी सत्रीय कार्यों को जमा करना होगा। पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक को निम्न तिथियों तक जमा किया जाना चाहिए:

**जुलाई 2022 चक्र में पंजीकृत छात्रों के लिए: 30.04.2023**
**जनवरी 2023 चक्र में पंजीकृत छात्रों के लिए: 31.10.2023**

आपको जमा किए गए सत्रीय कार्यों के लिए अध्ययन केंद्र से एक रसीद प्राप्त करनी होगी और उसे अपने पास रखना होगा। अगर संभव हो तो, आपके द्वारा जमा किए गए सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी / स्कैन की गई प्रति अपने पास रखें।

अध्ययन केंद्र को सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद आपको उन्हें वापस करना होगा। कृपया इस पर जोर दें।

# बी.ई.सी.सी.-108 मध्यवर्ती व्यष्टि-अर्थशास्त्र-II

**पाठ्यक्रम कोड: बी.ई.सी.सी.-108**
**सत्रीय कार्य कोड: बीईसीसी-108/टीएमए /2022-23**
**कुल अंक: 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

**भाग क: दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा - 500 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। 2×20 = 40**

1. (अ) ऐसी अर्थव्यवस्था पर विचार करें जिसमें केवल एक वस्तु है, भोजन। अर्थव्यवस्था में तीन लोग हैं, A, B और C । A के पास 400 यूनिट भोजन है, B के पास 100 यूनिट है और C के पास केवल 16 यूनिट हैं। सभी की उपयोगिता समान है, i = A, B, C के लिए $U_i = \sqrt{f}$ जहां f भोजन के लिए है। इस समाज के लिए सामाजिक क्षेम फलन तीनों व्यक्तियों की उपयोगिताओं का योग है।

   (i) सरकार भोजन को अधिक समान रूप से पुनर्वितरित करने का निर्णय लेती है, इसलिए वह A से 175 यूनिट लेती है और उन्हें B को देती है। हालांकि, सरकार परिवहन में इनमें से 79 इकाइयों को खराब कर देती है, इसलिए B को अंततः केवल 96 यूनिट भोजन मिलता है। अब प्रत्येक व्यक्ति का उपयोगिता स्तर क्या है? इस स्थिति में सामाजिक क्षेम का स्तर ज्ञात कीजिए। (4)

   (ii) अब मान लें कि सरकार एक अलग पुनर्वितरण योजना पर विचार कर रही है। प्रारंभिक बंदोबस्ती से शुरू करते हुए, सरकार A से 175 यूनिट लेती है। इस बार वह उन्हें C को देना चाहती है, लेकिन परिवहन में यह 91 इकाइयों को नष्ट कर देता है, इसलिए C को इन अतिरिक्त इकाइयों में से केवल 84 ही मिलते हैं। अब प्रत्येक व्यक्ति का उपयोगिता स्तर क्या है? इस स्थिति में सामाजिक क्षेम का स्तर ज्ञात कीजिए। (4)

   (iii) सामाजिक कल्याण के संदर्भ में भाग (i) और (ii) की तुलना करें। आप जो निष्कर्ष निकालते हैं उसे स्पष्ट कीजिए। (4)

   (ब) क्षेम के पहले प्रमेय और क्षेम के दूसरे प्रमेय की व्याख्या करें। (8)

2. (अ) एक प्रबल रणनीति और एक नैश संतुलन के बीच क्या अंतर है? (6)

   (ब) निम्नलिखित द्यूत पर विचार करें:

   दो अपराधी बैंक डकैती करने के बारे में सोच रहे हैं। बैंक से प्रत्येक को 25,000 रु. मिलेंगे, लेकिन इस काम के लिए दो लोगों की आवश्यकता होती है (एक बैंक को लूटने के लिए और एक भागने के लिए कार चलाने के लिए।) इसके बजाय प्रत्येक अपराधी शराब की दुकान को लूट सकता है। शराब की दुकान से लूट मात्र 2000 रुपये की है, लेकिन एक व्यक्ति अकेले यह काम कर सकता है।

   i) इस द्यूत के लिए प्रतिप्राप्ति आव्यूह लिखिए। (3)

   ii) शुद्ध रणनीति संतुलन की व्याख्या करें। (3)

(स) कैदी के दुविधा द्यूत के निम्नलिखित संस्करण पर विचार करें:

खिलाड़ी दो

खिलाडी एक

| | सहयोग करना | धोखा करना |
|---|---|---|
| सहयोग करना | रु.100, रु.100 | रु.0, रु.120 |
| धोखा करना | रु.120, रु.0 | रु.50, रु.50 |

i) प्रत्येक खिलाड़ी की प्रबल रणनीति क्या है? व्याख्या करें। (4)

ii) इस द्यूत के नैश संतुलन की व्याख्या करें। (4)

**भाग ख: मध्यम उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा - 250 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। 3×10 = 30**

3. प्राकृतिक (नैसर्गिक) एकाधिकार क्या है? प्राकृतिक(नैसर्गिक) एकाधिकार के तहत सीमांत लागत कीमत निर्धारण और औसत लागत कीमत निर्धारण पर चर्चा करें और उनमें अंतर करें।

4. असममित सूचना की समस्या के समाधान के रूप में संकेतन (सिगनलिंग) और छानबीन (स्क्रीनिंग) में अंतर स्पष्ट कीजिए। ये समाधान कैसे काम करते हैं, इसका संक्षिप्त विवरण दें।

5. विराट उपयोगिता संभावना वक्र की सहायता से समझाइए कि समाज किस प्रकार सामाजिक क्षेम को अधिकतम करता है?

**भाग ग : लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा - 100 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। 5×6 = 30**

6. क्या आपको लगता है कि ऐसी व्यवस्था में जहां लोग अपनी शिक्षा के लिए खुद भुगतान करते हैं, वहां शिक्षा पर कम खर्च हो सकता है? अपनी प्रतिक्रिया के लिए कारण दें।

7. बीमा उद्योग में उत्पन्न होने वाले नैतिक जोखिम की समस्या का संक्षेप में वर्णन करें।

8. 'विशुद्ध (निवल) हानि' शब्द से आपका क्या तात्पर्य है? आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए। इसके अस्तित्व के कारणों की विवेचना कीजिए।

9. परेटो अनुकूलता की अवधारणा पर चर्चा करें और इसके मानदंडों को संक्षेप में बताएं।

10. सामान्य स्वरूप द्यूत और विस्तृत स्वरुप द्यूत के बीच अंतर कीजिए।